कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.01.2025

विषयः- थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा 01 नफ़र वांछित शातिर चोर अजय मौर्या गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया 01 अदद लैपटॉप बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-010/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना मंडुवाडीह कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित शातिर अभियुक्त अजय मौर्या पुत्र रामजतन मौर्या निवासी सरकारीपुरा थाना मण्डुवाडीह वाराणसी स्थायी पता-कंदवा कादीपुर थाना रोहनिया वाराणसी को आज दिनांक-09.01.25 को समय करीब 11.18 बजे बनारस मण्डुवाडीह स्टेशन से प्लेटफॉर्म नं0-08 के बाहर खाली पड़े टैक्सी स्टैण्ड के परिसर में पाकड़ के पेड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 09.01.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक 04.01.2025 को बनारस रेलवे स्टेशन के बाहर चाय की दुकान के पास थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी से खुद का एक बैग जिसमे 01 ACER कंपनी का लैपटॉप रखा था चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना मण्डुवाडीह में मु0अ0सं0-0010/2025 धारा 303(2) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 योगेन्द्र यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अजय मौर्या पुत्र रामजतन मौर्या निवासी सरकारीपुरा थाना मण्डुवाडीह वाराणसी स्थायी पता-कंदवा कादीपुर थाना रोहनिया वाराणसी, उम्र 46 वर्ष।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त अजय मौर्या ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-04.01.2025 को मैंने बनारस मण्डुवाडीह रेलवे स्टेशन के बाहर बीएलडबल्यू मण्डुवाडीह रोड के किनारे चाय की दुकान के पास खड़ी एक मोटर साइकिल से यह लैपटॉप बैग सहित चुरा लिया था, जिसे आज बेचने की फिराक में मैं यहाँ आया था कि किसी राह चलते व्यक्ति को अच्छे दम में बेच दूंगा लेकिन आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। मुझे किश्त भरना था इसलिये मैंने यह बैग चोरी किया था।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद बैग में 01 लैपटॉप एसर कंपनी रंग सिल्वर/काला मॉडल नेम-Acer One 14z2-493 तथा 01 अदद इन्डियन बैंक पासबुक व 01 अदद आधार कार्ड बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

बनारस मण्डुवाडीह स्टेशन से प्लेटफॉर्म नं0-08 के बाहर खाली पड़े टैक्सी स्टैण्ड के परिसर में पाकड़ के पेड़ के पास से, दिनांक-09.01.25 को समय करीब 11.18 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0-0010/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना मंडुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2.मु0अ0सं0-0322/2020 धारा 392/411/413 थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।
3.मु0अ0सं0-0494/2019 धारा 392/411/413 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
4.मु0अ0सं0-0403/2020 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।
5.मु0अ0सं0-0129/2019 धारा 8/20 स्वापक औषधि और मन प्रभावी अधि0 थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2.उ0नि0 योगेन्द्र यादव थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
3.का0 अभ्युदय सिंह थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
4.का0 हीरामन शाह थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।